चमकता राजस्थान हिन्दी दैनिक

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में एम.एस.एम.ई की टीम द्वारा मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर का निरीक्षण

चित्तौड़गढ़( अमित कुमार चेचानी) । मेवाड़ विश्वविद्यालय में विकसित मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर का निरीक्षण एम.एस.एम.ई जयपुर के तीन सदस्यीय दल द्वारा किया गया । निरीक्षण दल में श्री गौरव जोशी, श्री आर.एस. दहिया तथा श्री तरूण भटनागर शामिल थे । टीम के सदस्यों का मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों को मेवाड़ी पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया । इसके उपरान्त मेवाड़ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट श्री हरीश गुरनानी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी । डॉ. हरि सिंह चैहान (कोर्डिनेटर मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर) ने प्रस्तावित सेन्टर के बारे में टीम को विस्तृत रूप में बताया । टीम के सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रयोगशालाओं, गांधी म्यूजियम एवं टेक्नीकल टूडे क्लब का निरीक्षण किया । विद्यार्थियों ने प्रस्तावित बिजनेस मॉडल तथा इन्क्युबेशन सेन्टर के लिए प्रस्तावित आइडिया को पीपीटी के माध्यम से टीम के समक्ष प्रस्तुत किया । इन्क्युबेशन सेन्टर के कोर्डिनेटर डॉ. हरि सिंह चैहान, को.कोर्डिनेटर डॉ. गुलजार अहमद, श्री रितेश ओझा, श्री शिव कुमार, डॉ. अंकिता, श्री विजय उपाध्याय, लोन फेजल, विदिनब्लू एवं विद्यार्थियों ने टीम के सदस्यों को इन्क्युबेंशन सेन्टर की गतिविधियों से अवगत कराया । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. के. एस. राणा, प्रो. वीसी श्री ए. वी. शुक्ला, ओ.एस.डी. श्री विधानी, डीन एकेडमिक श्री डी. के. शर्मा, डारेक्टर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट श्री हरीश गुरनानी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. दिप्ती शास्त्री, डिप्टी डीन श्री कपिल नाहर एवं अन्य उपस्थित थे ।

# मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर का निरीक्षण

**चित्तौड़गढ़.** मेवाड़ विश्वविद्यालय में विकसित मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर का निरीक्षण जयपुर के तीन सदस्यीय दल द्वारा किया गया । निरीक्षण दल में गौरव जोशी, आर.एस. दहिया तथा तरुण भटनागर शामिल थे । टीम के सदस्यों का मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी सदस्यों को मेवाड़ी पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया । इसके उपरान्त मेवाड़ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट हरीश गुरनानी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी । डॉ. हरि सिंह चौहान (कोर्डिनेटर मेवाड़ इन्क्युबेशन सेन्टर) ने प्रस्तावित सेन्टर के बारे में टीम को विस्तृत रूप में बताया ।

टीम के सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रयोगशालाओं, गांधी म्यूजियम एवं टेक्नीकल टूडे क्लब का निरीक्षण किया ।

विद्यार्थियों ने प्रस्तावित बिजनेस मॉडल तथा इन्क्युबेशन सेन्टर के लिए प्रस्तावित आइडिया को पीपीटी के माध्यम से टीम के समक्ष प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. के. एस. राणा, प्रो. वीसी ए. वी. शुक्ला, ओ.एस.डी. विधानी, डीन एकेडमिक डी. के. शर्मा एवं अन्य उपस्थित थे ।

Raj asthan Patrika 08-10-2021

# मेवाड़ इन्क्यूबेशन सेन्टर का निरीक्षण

नवज्योति/गंगरार। जयपुर के तीन सदस्यीय दल द्वारा मेवाड़ विश्वविद्यालय में विकसित मेवाड़ इन्क्यूबेशन सेन्टर का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण दल में गौरव जोशी, आर.एस. दहिया तथा तरूण भटनागर शामिल थे ।मेवाड़ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेन्ट हरीश गुरनानी ने मेवाड़ विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। सेंटर के कोर्डिनेटर डॉ. हरि सिंह चौहान ने प्रस्तावित सेन्टर के बारे में टीम को विस्तृत रूप में बताया ।

Dainik Navajyoti 08-10-2021